Title : Need to develop an artificial lake at Bilaspur, Himachal Pradesh for promoting tourism in the region.

(iv) Need to develop an artificial lake at Bilaspur, Himachal Pradesh for promoting tourism in the region.

*m01

श्री सुरेश चन्देल (हमीरपुर, हि.प्र.) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन का ध्यान हिमाचल प्रदेश के प्राचीन, ऐतिहासिक एवं ब्यास ऋषि की तपोभूमि बिलासपुर नगर की ओर आकर्षित करना चाहता हूं। देश में जलविद्युत उत्पादन बढ़ाने हेतु जिला बिलासपुर में भाखड़ा बांध का निर्माण किया गया। इस कारण वहां से लोगों को उजड़ना पड़ा। नए बसे बिलासपुर शहर में नागरिकों के आमोद-प्रमोद का एक भी स्थान नहीं है। जिला बिलासपुर में लुहणू मैदान के निकट गोविन्द सागर झील है, लेकिन उसका पानी उतरता एवं चढ़ता रहता है। इसलिए वह स्थान पर्यटन केन्द्र के रूप में विकसित नहीं हो पाया है। अतः मेरा भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय से आग्रह है कि लुहणू मैदन के निकट स्थित बड़े नाले में एक दीवार लगाकर उसे कृत्रिम झील का स्वरूप प्रदान किया जाए ताकि उसमें पानी स्थिर रह सके और उसका प्रयोग जल-क्रीड़ा (वॉटर गेम) के रूप में पर्यटक कर सकें। इसी स्थान पर एक कैफेटेरिया एवं पार्क विकसित किया जाए ताकि बिलासपुर के नागरिकों एवं पर्यटकों को पर्यटन-स्थल मिल सके।